INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class:VII- 3rd Lang	Department: Hindi	Date of submission: Keep in File
Question bank	Topic: अनुशासन का महत्त्व	Note: Read, write and learn

1.प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क. समय का पालन अनुशासन का अनिवार्य अंग क्यों और कैसे है ?

उत्तर : समय का पालन अनुशासन का एक अनिवार्य पहलू है । स्वयं को अनुशासित रखकर ही हम सबके साथ ख़ुशी से रह सकते हैं।समय पर स्कूल जाना, समय पर ऑफिस जाना, समय पर सब काम करना आदि । समय का पालन न करने पर मौक़ा हाथ से निकल जाता है और पछताना पड़ता है ।

प्रश्न ख. प्राचीनकाल में कहाँ कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था ?

उत्तर :प्राचीनकाल में गुरुकुलों में विद्‍यार्थी को कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था ।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. अनुशासन की परिभाषा अपने शब्दों में लिखिए ?

उत्तर : नियमों के नियंत्रण में रहना और नियमित रूप से उनका पालन करना ही अनुशासन कहलाता है । ।

प्रश्न ख. आत्मिक अनुशासन और वाह्य अनुशासन में क्या अंतर है ?

उत्तर : आत्मिक अनुशासन वह है जिसमें व्यक्ति स्वेच्छा से अनुशासन में रहता है । उसपर कोई बाहरी दबाव नहीं रहता । वह स्वयं अनुशासित रहकर अपना काम करता है ।

वाह्य अनुशासन वह है जिसमें बाहरी दबावों के कारण व्यक्ति अनुशासन में रहता है । वह अपने मन से नहीं बल्कि बाहरी दबाव के कारण अपना काम करता है ।

प्रश्न ग. सड़क पर चलते समय आप नियमों का पालन क्यों करते हैं ?

उत्तर: सड़क पर चलते समय यदि लोग अनुशासनहीन हो जाएँगे तो सारी व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी । यदि हर व्यक्ति मनमानी करने लगे तो समाज का काम नहीं चल सकता । अनुशासन में रहने पर ही अनेक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है ।

प्रश्न घ. विद्यालय और कक्षा में आप अनुशासन का पालन कैसे करते हैं ?

उत्तर : विद्यालय और कक्षा में हम विद्यालय और कक्षा के नियमों का पालन कर अनुशासन का पालन करते हैं। जैसे कि समय पर विद्यालय पहुँचना , छुट्टी होने पर अनुशासित होकर कक्षा और विद्यालय से बाहर निकलना, समय पर घर पहुँचना , कक्षा में अपनी जगह पर अनुशासित होकर बैठना, शिक्षक जो बताए उसे ध्यान से सुनना , शिक्षक की अनुपस्थिति में भी शोर न मचाना इत्यादि ।

प्रश्न च : घर में अनुशासन का पालन कैसे कर सकते हैं ?

उत्तर : बड़ों का सम्मान करके , उनकी आज्ञा का पालन करके , छोटों से स्नेह करके घर में अनुशासन का पालन कर सकते हैं।

प्रश्न छ. अनुशासन राष्ट्र को महान कैसे बनाता है ?

उत्तर : जिस राष्ट्र के नागरिक अनुशासित होते हैं , वह राष्ट्र बड़े-से बड़े संकट को भी साहस एवं स्वाभिमान के साथ झेल लेता है और विकास के पथ पर आगे बढ़ता जाता है ।

प्रश्न ज : विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का क्या महत्त्व है ?

उत्तर : विद्यार्थी जीवन मनुष्य के भावी जीवन की आधारशिला है। इसी समय वह अनुशासन में रहना सीखता है। अनुशासन में रहे बिना वह उचित ढंग से विद्या प्राप्त नहीं कर सकता। अनुशासन के अभाव में विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। केवल अनुशासित विद्यार्थी ही अपने जीवन को सुचारू रूप से चला सकता है।

2. इन वाक्यों को पूरा कीजिए :

क. <u>आत्मिक अनुशासन</u> में व्यक्ति स्वेच्छा से अनुशासित रहता है।

ख. <u>अनुशासन का पालन</u> जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है।

ग. <u>विद्यार्थी जीवन</u> में अनुशासन का पालन करना अत्यंत

घ. <u>अनुशासन के अभाव</u> में विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव नहीं हो पाता।

3. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए :

शब्द	उपसर्ग	मूल शब्द
अधर्म	अ	धर्म
अभिनेता	अभि	नेता
अवगुण	अव	गुण
पराजय	परा	जय
अनुशासन	अनु	शासन

4. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए :

शब्द	मूल शब्द	प्रत्यय
आवश्यकता	आवश्यक	ता
महत्त्वपूर्ण	महत्त्व	पूर्ण
चित्रकार	चित्र	कार
फलदार	फल	दार
अनुशासनहीन	अनुशासन	हीन

5. . निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :

नियम : छात्रों को स्कूल के नियमों का पालन करना चाहिए ।

अनुशासन : छात्रों को अनुशाशन का पालन करना चाहिए ।

प्रकृति : प्रकृति सभी जीवों का पालन-पोषण करती है ।

आधारशिला : हमारे गाँव में एक स्कूल की आधारशिला रखी गई ।

6. पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अनुशासन न केवल मनुष्यों में अपितु प्रकृति के लगभग सभी जीवों में परिलक्षित होता है । छोटी-छोटी चींटियाँ भी पंक्ति बनाकर चलती हैं । हाथी जैसा विशाल जीव भी अपने महावत की आज्ञा का पालन करता है । आकाश में पक्षी v आकार में उड़ते हैं । दिन-रात का क्रम , ऋतुओं में परिवर्तन , मौसम के अनुसार पेड़ - पौधों में फल - फूल लगना आदि सभी प्रकृति के अनुशासन के ही रूप हैं ।

क . प्रकृति के अनुशासन के दो उदाहरण दीजिए ।

उत्तर: दिन-रात का क्रम और ऋतुओं में परिवर्तन प्रकृति के अनुशासन के दो उदाहरण हैं ।

ख. कौन पंक्ति बनाकर चलती हैं ?

उत्तर : चींटियाँ पंक्ति बनाकर चलती हैं ।

ग. हाथी की देखभाल करनेवाला क्या कहलाता है ?

उत्तर : हाथी की देखभाल करनेवाला महावत कहलाता है ।

घ . ‘ दिन - रात’ किस प्रकार का शब्द है ?

उत्तर : दिन और रात एक - दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं ।